**खबर संक्षेप**

### तालाब में डूबा युवक लापता

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। ग्राम पंचायत छपरा टोला निवासी 35 वर्षीय कैलाश सिंह पिता गेंदलाल सिंह की तालाब में डूबने से लापता हो गया है। घटना रिमार कुदरा टोला तालाब की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, कैलाश तालाब में नहाने के लिए गया था, इसी दौरान अचानक गहरे पानी में डूब गया और बाहर नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि कैलाश के साथ अन्य लोग भी तालाब में नहा रहे थे,जब वह डूब रहा था तो उसे निकालने की कोशिश की गई,लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और वह देखते ही देखते तालाब में डूब गया।स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। हालांकि तालाब में पानी अत्यधिक भरे होने के कारण शव का पता नहीं चल सका। वही पुलिस के साथ गांव के लोगों ने जेसीबी से तालाब की मेड को कटवा कर पानी निकलवाने की कोशिश कर रहे है। जिससे पानी कम हो सके और रेस्क्यू दल जल्द लापता की तलाश कर सके। पुलिस का कहना है कि तालाब गहरा है और पानी भी ज्यादा होने के कारण पुलिस को सर्चिंग में दिक्कत हो रही थी, तालाब से पानी निकलवाया जा रहा है। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि हमने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में सर्चिंग करवाई है ,3 घंटे से अधिक समय बीत गया है, लेकिन तालाब में डूबे युवक का पता नहीं चला है। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया गया है टीम का इंतजार किया जा रहा है। वहीं एसडीआरएफ के प्रभारी उप निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि टीम मौके के लिए रवाना हुई है, घटना स्थल पहुंचते शाम हो जाएगी, अगर रेस्क्यू ऑपरेशन समय पर शुरू हो गया तो हमें सफलता मिल सकती है। नहीं तो फिर रविवार सुबह से फिर दोबारा रेस्क्यू शुरू किया जाएगा।

### युवा समाजसेवी ने आठवीं बार रक्तदान कर बचाई मासूम की जान



**अमलाई।** अमलाई बापू चौक निवासी राज केशरवानी उम्र 23 वर्ष ने अपनी निस्वार्थ सेवा भावना का परिचय देते हुए एक बार फिर मानवता की मिसाल कायम की है। वर्तमान में ओडिशा राज्य में रह रहे राज को हाल ही में जानकारी मिली कि संबलपुर निवासी नारायण मिश्रा की 9 वर्षीय पुत्री की तबीयत गंभीर है और उसे तुरंत रक्त की आवश्यकता है। खबर मिलते ही राज बिना देर किए अस्पताल पहुँचे और रक्तदान कर बच्ची को जीवनदान दिया। यह पहला अवसर नहीं है। राज अब तक 8 बार रक्तदान कर कई जरूरतमंदों की जान बचा चुके हैं। कम उम्र में समाज सेवा की यह लगन उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा बनाती है। राज केशरवानी हमेशा से ही रक्तदान जैसे महादान के महत्व को समाज तक पहुँचाने का प्रयास करते रहे हैं। वे न केवल खुद नियमित रक्तदान करते हैं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। उनका कहना है कि रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है, साथ ही यह दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि इससे रक्त की चिपचिपाहट कम होती है और दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा घटता है। उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण यह संदेश देती है कि समाज परिवर्तन के लिए बड़ी उम्र या पद की नहीं, बल्कि सच्चे जज़्बे की आवश्यकता होती है। अमलाई से लेकर ओडिशा तक मानव सेवा में सक्रिय राज केशरवानी आज की युवा पीढ़ी के लिए एक सच्चे आदर्श बन चुके हैं।

## विधायक मनीषा सिंह का औचक निरीक्षण पालिका को जमकर लगाई फटकार

# सब्ज़ी मंडी बनी गंदगी और अतिक्रमण का अड्डा






शहडोल।

संभागीय मुख्यालय की सबसे व्यस्त सब्जी मंडी, जो कभी व्यापारियों और खरीदारों के लिए व्यवस्थित ढंग से विकसित की गई थी, आज अव्यवस्था और अराजकता की पहचान बन चुकी है। शनिवार की सुबह जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने जब अचानक मंडी का औचक निरीक्षण किया, तो यहां के हालात देखकर न केवल वह हतप्रभ रह गईं, बल्कि गुस्से से लाल भी हो उठीं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता प्रकाश जगवानी, पार्षद शिल्लू रजक सहित पालिका का अमला मौजूद रहा। मौके पर देखा गया कि मंडी के भीतर जगह-जगह ठेले खड़े हैं, फुटकर दुकानदार सडक़ घेरकर बैठ गए हैं और अवैध कब्जों ने पूरे परिसर की शक्ल बिगाड़ दी है। यह स्थिति आम नागरिकों और खरीदारों के लिए दुश्वारियां खड़ी कर रही है।

### बदहाली पर विधायक का कड़ा रुख

मंडी परिसर में कचरे के ढेर और बजबजाती नालियां वर्षों से लोगों की परेशानी का कारण बनी हुई हैं। निरीक्षण के समय यह गंदगी और दुर्गंध देखकर विधायक ने साफ कह दिया कि पालिका की यह लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव और सड़ांध की वजह से नागरिकों का जीना दूभर हो जाता है, इसलिए तत्काल सफाई अभियान चलाकर व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए।

### मोतीलाल का भ्रष्टाचार जनता के सामने

निरीक्षण के दौरान मंडी के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक उजागर हुआ। लंबे समय से स्वच्छता निरीक्षक पद पर जमे मोतीलाल सिंह पर यह आरोप सामने आया कि उन्होंने नगर पालिका द्वारा बनाए गए स्थायी शेड ठेला कारोबारियों को भाड़े पर देकर निजी वसूली की। परिणाम यह हुआ कि फुटकर दुकानदारों को मजबूरी में सडक़ पर दुकानें लगानी पड़ीं और मंडी का स्वरूप अव्यवस्थित होता चला गया। जनता और व्यापारियों की मौजूदगी में जब यह मामला सामने आया तो विधायक ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए साफ कहा कि अतिक्रमण और भ्रष्टाचार किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पालिका तुरंत सुधार करे, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

### भाजपा नेताओं की सक्रियता से जनता में उत्साह

निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता प्रकाश जगवानी पूरी तरह सक्रिय नजर आए। उन्होंने न केवल विधायक के साथ समस्याओं का जायजा लिया, बल्कि पालिका अमले को सख्त हिदायत दी कि मंडी की अव्यवस्था तत्काल सुधारी जाए। भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने विधायक के कड़े तेवरों का समर्थन करते हुए जनता के पक्ष में आवाज बुलंद की। इस पूरे घटनाक्रम ने आम नागरिकों और व्यापारियों में एक नई उम्मीद जगा दी है। लंबे समय से अनसुनी की जा रही उनकी शिकायतें आखिरकार किसी जिम्मेदार के कानों तक पहुंचीं। जनता ने विधायक मनीषा सिंह और भाजपा नेताओं की इस सक्रियता की जोरदार सराहना की।

### मंडी जल्द बनेगी साफ और व्यवस्थित

निरीक्षण के समापन पर विधायक मनीषा सिंह ने नागरिकों और व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा स्वच्छ और व्यवस्थित मंडी



हम सबकी जिम्मेदारी है। मैं आप सभी को भरोसा दिलाती हूँ कि जल्द ही अभियान चलाकर मंडी को साफ-सुथरा और सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। अतिक्रमण और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, चाहे उसके लिए किसी भी स्तर तक जाना पड़े। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की और कहा कि गंदगी फैलाना और अतिक्रमण करना बंद करें, तभी स्थायी समाधान संभव होगा।

### 'पालिका का सिस्टम फेल, विधायक ने खोली आंखें'

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने वर्षों तक सब्जी मंडी की समस्याओं पर आंखें मूंद ली थीं। सफाई कर्मचारी नदारद रहते हैं, नालियों की सफाई महीनों तक नहीं होती और अवैध कब्जे दिन-ब-दिन बढ़ते चले जाते हैं। ऊपर से पालिका के कुछ अधिकारी और कर्मचारी खुद इस गोरखधंधे में शामिल पाए गए, जिससे हालात और बिगड़ गए। विधायक मनीषा सिंह के



औचक निरीक्षण ने न केवल इन गड़बडिय़ों को उजागर किया, बल्कि यह भी साबित किया कि अगर नेतृत्व मजबूत हो तो अव्यवस्था पर लगाम लगाई जा सकती है। जनता अब उम्मीद कर रही है कि उनके इस कड़े रुख से बदलाव जरूर आएगा।

### भाजपा ने दिखाई सक्रियता

यह निरीक्षण सिर्फ मंडी की गंदगी और अतिक्रमण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने भ्रष्टाचार के उस तंत्र पर भी चोट की जो वर्षों से जनता की समस्याओं को बढ़ाता आ रहा है। विधायक ने जिस आक्रामक अंदाज़ में अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, उससे यह साफ हो गया है कि अब लापरवाही की गुंजाइश नहीं बचेगी। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने भी जनता को यह संदेश दिया कि संगठन पूरी तरह सक्रिय है और किसी भी कीमत पर जनता की परेशानी अनदेखी नहीं की जाएगी।

## वीडियो वॉयरल होने के बाद प्रबंधन ने लिया संज्ञान, जांच कमेटी गठित

# मेडिकल कॉलेज के लेबर रूम में हुआ विवाद



शहडोल।

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। दो अलग-अलग वीडियो वायरल होने के बाद यहां के लेबर रूम में हुए विवाद और मारपीट के मामले ने बड़ा तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में वीडियो वॉयरल होने के बाद कॉलेज प्रबंधन हरकत में आया और अब इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। दरअसल, पहला वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें इंटर्न डॉक्टरों के बीच गंभीर विवाद होता दिखाई दिया। इसमें एक इंटर्न छात्रा पर अपने साथी छात्र को बाल पकडक़र गिराने और उसके कपड़े फाडऩे का आरोप लगा। मामला यहीं नहीं थमा, इसके बाद दूसरा वीडियो भी वायरल हो गया जिसने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि कर दी। वीडियो के बाहर आते ही न सिर्फ मेडिकल कॉलेज की छवि पर सवाल उठे बल्कि छात्रों और उनके परिजनों में भी भारी नाराजगी देखी गई।

### प्रबंधन ने लिया संज्ञान

सोशल मीडिया में वीडियो वॉयरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तुरंत इस मामले को गंभीरता से लिया। जिन छात्र-छात्राओं के बीच विवाद हुआ, उन्हें फिलहाल समझाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ताओं ने जो आवेदन स्थानीय पुलिस चौकी में देने की तैयारी की थी, उसे रोक दिया गया है। वहीं जिन इंटर्न डॉक्टरों पर आरोप लगे हैं, उनके परिजनों को भी सूचना भेजी गई है ताकि स्थिति और बिगडऩे से रोकी जा सके। कॉलेज प्रबंधन ने आधिकारिक तौर पर एक जांच कमेटी गठित कर दी है, जो पूरे घटनाक्रम की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

### विधायक की प्रतिक्रिया

इस पूरे मामले पर जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद ही मुझे इस गंभीर मामले की जानकारी मिली। मैंने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से तत्काल बात करूंगी। दोषियों पर सख्त कार्यवाही कराई




जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने साफ कहा कि छात्रों और प्रशिक्षु डॉक्टरों के बीच इस तरह की मारपीट मेडिकल शिक्षा की गरिमा को आहत करती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रबंधन और सरकार दोनों स्तर पर मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### डॉक्टर नागेंद्र सिंह का बयान

मेडिकल कॉलेज में वर्तमान अधिष्ठाता डॉक्टर नागेंद्र सिंह जो अधिष्ठाता डॉक्टर दिनेश की अनुपस्थिति में अस्पताल के मुखिया की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, ने भी इस पूरे विवाद की पुष्टि की है। उनका कहना है जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, वे बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज के ही हैं। यहां पर यह स्थिति निर्मित हुई थी और अब इस मामले की जांच की जा रही है। जांच कमेटी गठित की जा चुकी है और दोषी पाए जाने वालों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### मामले को दबाने का प्रयास

यह पूरा मामला शुरू में दबाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन जैसे ही सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ तो, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर दबाव बना और अंततः प्रशासन को सक्रिय होना पड़ा। अब जबकि जांच कमेटी बैठ चुकी है और विधायक मनीषा सिंह ने भी सख्त रुख अपनाया है, उम्मीद है कि जल्दी ही इस विवाद पर ठोस कार्रवाई सामने आएगी।

### आगे की दिशा

फिलहाल छात्र-छात्राओं को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है और पुलिस स्तर पर मामला रोक दिया गया है, लेकिन कॉलेज प्रबंधन इस बात को लेकर सतर्क है कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं संस्थान की छवि खराब न करें। डॉक्टर नागेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया है कि किसी भी स्थिति में मामले को हल्के में नहीं लिया जाएगा और जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई तय होगी।

# छेड़छाड़ के आरोपी को चार साल का सश्रम कारावास

शहडोल।

महिला सुरक्षा के मामलों में अदालतों का सख्त रुख एक बार फिर सामने आया है। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, ब्यौहारी जिला शहडोल* की अदालत ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के गंभीर प्रकरण में आरोपी कौशलेन्द्र सिंह पिता अवधेश प्रताप सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी सरसी रोड ग्राम हिरवार थाना पपौंध को चार वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय** ने बताया कि घटना दिनांक 29 सितंबर 2021 की है। उस दिन पीड़िता, जो कक्षा 11वीं की छात्रा थी, जीवविज्ञान की परीक्षा देकर अपनी सहेली के साथ स्कूल के बाहर खड़ी थी। तभी आरोपी कौशलेन्द्र सिंह अपने साथी आलोक वर्मन के साथ मोटरसाइकिल से वहां आया और पीड़िता को जबरन पीछे बैठने के लिए दबाव बनाने लगा।

पीड़िता के मना करने पर आरोपी ने उसका हाथ पकडक़र घसीटने की कोशिश की, हाथ मरोड़ा और अभद्र गालियां देते हुए उसके पिता को गंभीर नुकसान पहुँचाने की धमकी भी दी। पीड़िता की सहेली ने जब बीच-बचाव किया तो उसे भी गाली-गलौज कर डराने की कोशिश की गई। इसी दौरान मौके पर प्रिंस जायसवाल सहित अन्य युवक पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी भाग खड़ा हुआ। घर पहुँचकर पीड़िता ने सारी घटना अपने माता-पिता को बताई, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल थाना पपौंध में शिकायत दर्ज कराई। उपनिरीक्षक नेहा उइके ने पीड़िता की शिकायत पर अपराध दर्ज किया। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354(क), 294, 323, 506, 34 भादवि एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तत्कालीन उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने जांच पूरी कर आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

### अभियोजन की मजबूत पैरवी

प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मुकेश कुमार कोल ने सरकारी पक्ष की ओर से जोरदार पैरवी की। प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी हरिओम कुसुमाकर बैस के मार्गदर्शन में साक्ष्य और गवाहों को अदालत के सामने प्रस्तुत किया गया। अंतिम बहस के दौरान अभियोजन पक्ष ने स्पष्ट किया कि आरोपी ने नाबालिग छात्रा की अस्मिता को चोट पहुंचाने का दुस्साहस किया और घटना के दौरान हिंसक एवं आपराधिक कृत्य किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमति जताई और आरोपी को चार वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर सक्रिय बच्चों को लंगर कमेटी ने किया सम्मानित

**शहडोल।** कोयलांचल नगरी धनपुरी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े उत्साह और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह जुलूस-ए-मोहम्मदी नगर भ्रमण करते हुए इमामबाड़ा पहुँचा, जहाँ दुआएँ की गईं और प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद मदीना जामा मस्जिद मैदान में लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। लंगर कमेटी की ओर से सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक भोजन वितरण की व्यवस्था की गई। कमेटी के सदर मोहम्मद इमरान इम्मू ने बताया कि लंगर का उद्देश्य सिर्फ भोजन कराना नहीं, बल्कि बच्चों में सेवा, संस्कार और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना जगाना है। इसी कड़ी में हर साल बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार वितरण किया जाता है।



इस वर्ष भी 10 से 14 वर्ष तक के बच्चों को, जिन्होंने पूरे आयोजन में सेवा भावना से कार्य किया, सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में सादिया नूर, सिमरन फातिमा, तनवीर हुसैन, हैदर हुसैन, मोहसिन हुसैन, माज़ हुसैन, रमज़ान हुसैन, सिफ़तैन हुसैन, दानिश हुसैन, अलमास खान, मोहम्मद अली, सलमान, खुशी, आमिर (चीकू), अनस, एलिश, जिलानी कादरी, अर्हम, असद, अरशद, आशिया, अरबाज़, आमिल, आमिर, अरिश, हानि, ज़ोया, आतिफ, फैज़ल, मोअबिया अली सहित कई बच्चे शामिल रहे।

पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे अगले वर्ष और बेहतर सेवा करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुफ्ती तनवीर रज़ा अशरफी, हाफिज मोहम्मद कलीम अशरफी, मोहम्मद फरीद, हाजी मोहम्मद दाऊद अशरफी, कालाबुद्दीन चाचा, मोहम्मद नजीर, मोहम्मद नईम, शब्बीर मार्बल, मोहम्मद सलाम (बाबू), मोहम्मद रमज़ान मोलई, राजू खान, मोहम्मद अकरम, सोनू मछली वाले और मोहम्मद रईस मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दुआ की।

# युवा कांग्रेस ने बढ़ते बिजली बिलों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

शहडोल।

युवा कांग्रेस कार्यपालन अभियंता के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्मार्ट डिजिटल मीटरों के कारण बढ़ते बिजली बिलों से जनता की परेशानियों का उल्लेख किया गया। यह ज्ञापन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन में और निर्वाचित महासचिव निशांत जोशी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेशभर में लगाए जा रहे स्मार्ट डिजिटल मीटरों के कारण आम जनता को अत्यधिक बिजली बिलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नई प्रणाली लागू होने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है, जो किसी वास्तविक खपत के बिना हो रही है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने



कहा आम जनमानस पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में भारी-भरकम बिजली बिलों ने उनकी समस्याओं को और अधिक बढ़ा दिया है।

### चार प्रमुख मांगों पर दिया जोर

युवा कांग्रेस ने प्रमुख चार मांगों पर जोर दिया, ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष और तकनीकी जांच करवाई जाए। पिछले तीन महीनों के बिलों की समीक्षा कर वास्तविक खपत के अनुसार संशोधन किया जाए। जिन उपभोक्ताओं को अधिक बिल भेजे गए हैं, उन्हें राहत प्रदान की जाए। जब तक जांच पूरी न हो, तब तक स्मार्ट मीटरों से बिलिंग पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर, युवा कांग्रेस जिला महासचिव निशांत जोशी एवं जिला महासचिव प्रियांशु चौबे ने कहा कि यदि 10 दिनों के अंदर उचित निराकरण नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस शहडोल बिजली ऑफिस पर तालाबंदी और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कार्यपालन अभियंता से जनता की पीड़ा को समझते हुए शीघ्र उचित कदम उठाने की अपील की।

ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित अन्य नेताओं में ब्लॉक सोहागपुर अध्यक्ष शेख साजिल (सनी), कांग्रेस नेता एजाज खान, जिला महासचिव मुसरन खान, और अन्य युवा कांग्रेस साथी शामिल थे। इस ज्ञापन से स्पष्ट है कि युवा कांग्रेस जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और वे समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का इरादा रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### रक्त महा अभियान के तहत शिविरों का किया जाएगा आयोजन

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के उपलक्ष्य में रक्तदान महाअभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जायेगा एवं अधिक से अधिक संख्या में रक्त संग्रह किया जाएगा जिससे मरीजों को रिप्लेसमेंट फ्री रक्त उपलब्ध करवाया जाए। ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक वृहद स्तर पर रक्तदान महाअभियान पखवाड़ा का जिला रक्तकेंद्र उमरिया द्वारा किया जाएगा । 700 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । उन्होने बताया कि ऐसे समाज सेवी एवं युवा जो 17 सितंबर 2025 को आयोजित रक्तदान शिविर में कम से कम 10 युवाओं को रक्तदान करवाते है उन्हें जिला रक्तमित्र की उपाधि से विभूषित भी किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु जनमानस में अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी एस चंदेल ने बताया कि महाअभियान के तहत संपूर्ण जिले में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं कम से कम 10 यूनिट रक्तदान करवाने वाले कोई भी युवा समाजसेवी एवं संस्था को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### 20 सितंबर को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा

**जिले में 621 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 25080 शिक्षार्थी देंगे परीक्षा**

**उमरिया।** जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए जिले में 621 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसके माध्यम से 25080 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि करकेली विकासखंड में 271 परीक्षा केन्द्रों में 9249, मानपुर विकासखंड में 180 परीक्षा केन्द्रों में 9105 तथा पाली विकासखंड में 170 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 6726 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की पात्रता के संबंध में बताया गया है कि वह शिक्षार्थी सर्वे द्वारा चिन्हांकित किया गया हो।अक्षर साथियों के द्वारा नामांकन किया जाकर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आईपीसीएल पद्धति से तैयार की गई उल्लास-अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कार्य किया हो। साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित कक्षाओं में वे शिक्षार्थी जिन्होंने प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता अर्जित की हो किंतु प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया जा सका हो, वे इस मूल्यांकन परीक्षा में शामिल किए जा सकते हैं। ऐसे व्यक्ति जो पूर्व से शिक्षित है किंतु उनके पास किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र न हो, ऐसे व्यक्ति को प्रमाणीकरण हेतु मूल्यांकन परीक्षा में शामिल किया जा सकता है। पूर्व परीक्षाओं में जिन परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम में सुधार की आवश्यकता है। उन्हें मूल्यांकन परीक्षा में शामिल कराया जावें।

## चीनी : सेवा को धर्म मानने वाला जनप्रतिनिधि बना कलयुग का कर्ण

# बरगवां के पार्षद पवन चीनी ने समाजसेवा से जीता जनता का दिल

### रक्तदान से सफाई अभियान तक—हर मोर्चे पर आगे पवन चीनी

बरगवां नगर परिषद के पार्षद पवन चीनी ने निस्वार्थ सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया है। कभी रक्तदान से जिंदगी बचाना, तो कभी अपने निजी खर्च पर नगर परिषद के सभी वार्डों की सफाई कराना—उनके हर कदम ने समाज में नई मिसाल पेश की है। बिना दिखावे और प्रचार की चाहत के वे आज युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं।





शहडोल।

आज के दौर में जहां राजनीति और जनप्रतिनिधित्व पर स्वार्थ और दिखावे का आरोप लगता है, वहीं बरगवां नगर परिषद के पार्षद पवन चीनी समाजसेवा के जरिए अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अपने निजी साधनों और व्यक्तिगत प्रयासों से कई बार समाज को राह दिखाई है। रक्तदान से लेकर गरीबों की मदद और सफाई अभियान तक, हर जगह उनकी मौजूदगी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही है। पवन चीनी का जीवन बताता है कि सेवा के लिए पद या सत्ता की नहीं, बल्कि संवेदनशील मन और दृढ़ संकल्प की जरूरत होती है। यही कारण है कि लोग उन्हें कलयुग का कर्ण कहकर सम्मानित करते हैं।

### इसलिए मिली कलयुग के कर्ण की संज्ञा

महाभारत के कर्ण की तरह पवन चीनी भी निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए समर्पित रहते हैं। फर्क इतना है कि आज के समय में जब अधिकांश लोग दिखावे और लाभ-हानि को प्राथमिकता देते हैं, वहीं पवन चीनी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाजहित में जुटे रहते हैं। वे दिन हो या रात, हर जरूरतमंद के लिए हर समय मदद को तैयार रहते हैं। कभी रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाना, तो कभी गरीबों को कपड़े और भोजन उपलब्ध कराना, उनका यही जीवन दर्शन है। यही कारण है कि जनता उन्हें केवल पार्षद नहीं, बल्कि समाज का सच्चा सेवक मानती है। इसीलिए इन्हें अब कलयुग का कर्ण कहा जाने लगा है।



### प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान को जीवन में उतारा

युवा पार्षद पवन चीनी ने अपने निजी खर्चे पर 30 से 35 मजदूरों को लगाकर नगर परिषद बरगवां के सभी 15 वार्डों की सफाई का जिम्मा उठाया। उनका कहना है कि जब देश के मुखिया हमारे आदर्श मोदी जी ने पूरे देश को दुनिया भर से अलग दिखाने के लिए स्वच्छ भारत करने का पीड़ा उठाया है तो क्या हम एक छोटे से परिषद का पीड़ा नहीं उठा सकते जब सब भारतीय इस तरह का सोचेंगे तो वह दिन दूर नहीं देश पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा, यहां खास बात यह रही कि उन्होंने मजदूरों को न केवल मजदूरी दी, बल्कि उन्हें दूर-दराज़ गांवों से स्वयं लेकर आए और उनके भोजन-नाश्ते की व्यवस्था भी की, वार्ड क्रमांक 3, जो नगर परिषद अध्यक्ष का वार्ड है, में सफाई अभियान के दौरान पवन चीनी खुद मजदूरों के बीच खड़े होकर दिशा-निर्देश देते दिखाई दिए। ऐसे समय में, जब अधिकांश नेता सरकारी फंड से बने कामों पर सिर्फ फोटो खिंचवाकर सुर्खियां बटोरते हैं, पवन चीनी ने बिना प्रचार की चाहत के सेवा को ही प्राथमिकता दी। यह पहल निश्चित रूप से जनप्रतिनिधित्व का आदर्श उदाहरण है।

### हर जरूरतमंद के साथी

पवन चीनी की सेवाभावना केवल सफाई अभियान तक सीमित नहीं है। वे नियमित रूप से रक्तदान करते हैं और अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। अब तक कई बार उनके रक्तदान ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जिंदगी बचाई है। इसके अलावा गरीबों को कपड़े देना, विद्यार्थियों को पढ़ाई के साधन उपलब्ध कराना और आपदा के समय राहत पहुंचाना उनके स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। वे मानते हैं कि अगर किसी के जीवन में संकट है, तो समाज के सक्षम लोगों का कर्तव्य है कि वे उसका समाधान करें।

### युवाओं को प्रेरणा और समाज को नई दिशा

पवन चीनी आज युवाओं के लिए रोल मॉडल बन गए हैं। उनका संदेश है कि सेवा के लिए बड़ी राजनीतिक हैसियत या सरकारी पद जरूरी नहीं, बल्कि निस्वार्थ भावना और परोपकार की सच्ची भावना ही पर्याप्त है। उनकी कार्यशैली ने यह भी सिद्ध कर दिया कि सफाई जैसी जिम्मेदारियां केवल सरकार या नगर परिषद तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नागरिकों को भी इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। यही सोच समाज में नई दिशा देती है।

### निष्काम सेवा से बदल दी तस्वीर

पवन चीनी का जीवन और कार्य यह साबित करता है कि समाजसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने दिखाया कि दिखावे और प्रचार से दूर रहकर भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उनकी कार्यशैली राजनीति को नई परिभाषा देती है, जिसमें पद नहीं, बल्कि परोपकार सर्वोपरि है। निःसंदेह, ऐसे जनप्रतिनिधि बिरले ही होते हैं जो अपने क्षेत्र और समाज को सेवा के रास्ते आगे बढ़ाते हैं। पवन चीनी की यह यात्रा न केवल शहडोल संभाग के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा है।

# उमंग है तो जिंदगी में रंग है कार्यक्रम का आयोजन

**शहडोल। लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार एवं समग्र शिक्षा अभियान जिला शिक्षा कार्यालय के निर्देश पर उमंग है तो जिंदगी में रंग है थीम पर आधारित उमंग दिवस का आयोजन शासकीय हाई स्कूल पुलिस लाइन शहडोल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर एवं पौधे भेंटकर किया गया।**





कार्यक्रम का संचालन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती सम्पूर्णना शुक्ला एवं उमंग हेल्थ वेलनेस एंबेसडर शक्ति कुमार द्विवेदी व श्रीमती आभा तिवारी ने किया। श्री द्विवेदी द्वारा पोस्टर, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णय टीम ने प्रथम, समानुभूति टीम ने द्वितीय एवं स्वजागरूकता टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्णना शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के 9300 विद्यालयों में उमंग दिवस मनाया जा रहा है, जिससे लगभग 20 हजार बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। शहडोल जिले के 179 विद्यालयों के 1200 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और प्रत्येक स्कूल से 2 आरोग्यदूत तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन का प्रमुख केंद्र है। जे.पी. गुप्ता, सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय ने पोषण एवं संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे वाहन को चलाने के लिए पेट्रोल आवश्यक है, वैसे ही शरीर के विकास के लिए संतुलित भोजन जरूरी है।डॉ. रश्मि साहू ने आधुनिक जीवन में इंटरनेट और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर चेताया। साइबर सेल के सत्य प्रकाश मिश्रा ने किशोरावस्था की चुनौतियों और उनसे बचाव के उपाय बताए, वहीं श्रीमती सुचिता शर्मा ने छात्रों को अच्छे संस्कारों और आत्मनियंत्रण का महत्व समझाया। कार्यक्रम में विजेता टीमों और प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही अगस्त माह में विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाली छात्रा किरण सिंह कक्षा 9वीं को विशेष इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सावित्री शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं उमंग के नाम की तरह हर क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम का समापन उमंग एंथम के साथ हुआ।

## गरीब परिवार की बेटी कविता केवट ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



**शहडोल।** जिले के ब्योहारी क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयसोता की प्रतिभाशाली छात्रा कविता केवट पिता देवीदीन केवट ने बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गरीब परिवार में जन्मी कविता केवट बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। कक्षा एक से आठवीं तक की शिक्षा उन्होंने विजयसोता के विद्यालय से प्राप्त की, जबकि कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई निपनिया हायर सेकंडरी स्कूल से की। ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा उन्होंने 86 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की, वहीं बारहवीं कक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता पर सरकार की ओर से उन्हें एक स्कूटी और 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। छात्रा की उपलब्धि पर क्षेत्र के भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि विमलेश मिश्रा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गरीब परिस्थितियों में गांव में रहकर शिक्षा हासिल करने वाली कविता आज क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

### डायवर्सन का कार्य पूर्ण, आवागमन प्रारंभ

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने विगत दिवस कछरवार ग्राम में अतिवृष्टि से बहे कच्चे डायवर्सन का निरीक्षण किया था, तथा डायवर्सन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में मप्र ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण परियोजना इकाई व्दारा डायवर्सन का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब ग्रामीण बिना किसी परेशानी के आवागमन कर सकेगे।

## कृषि सखियों के लिए 5 दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण प्रारंभ

**उमरिया। परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत कृषि सखियों के लिए पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया में प्रारंभ हो गया है ।**

कृषि विज्ञान केन्द्र उमरिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है, जिसमें कृषि सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भूमि एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए रसायन मुक्त खेती की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने घर-घर किचन गार्डन से प्राकृतिक खेती की शुरुआत करने की अपील की। डॉ. विनीता सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्राम्हास्त्र आदि के निर्माण की जानकारी दी। इस दौरान पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन एवं प्रायोगिक कार्य भी कराए जाएगें। कुंदन मुवेल ने प्राकृतिक खेती के लिए देशी गौधन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होने ए 2 और ए 1 दूध के अंतर एवं नस्ल सुधार में दुधारू देशी गाय की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखण्डों से कुल 50 कृषि सखियां भाग ले रही है। इस अवसर पर उप संचालक सह परियोजना संचालक (आत्मा) संग्राम सिंह मरावी ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे न केवल उत्पादन लागत कम होगी बल्कि किसानों और उपभोगताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री भी उपलब्ध होगी। कृषि सखियां इस तकनीक को गांव-गांव तक पहुचाने में अहम भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीपक कुमार पटेल एटीएम विख पाली, आशीष दहायत बी0टी0एम0 वि0ख0 करकेली, शुभम सिंह प्रभारी बीटीएम विख मानपुर में उपस्थित रहें।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत पीसीपीएनडीटी एक्ट प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। एक्ट से जुड़ी हुई विस्तृत जानकारी डॉ ॠचा गुप्ता स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मो0 आसिफ परिवीक्षा अधिकारी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, लिंग समानता, महिलाओं से संबंधित योजनाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग से डॉ.ॠचा गुप्ता, दिव्या गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी, मोहम्मद आसिफ खान परिवीक्षा अधिकारी, बीएमओ, सीएचओ,एएनएम, दिव्या तिवारी वन स्टॉप सेंटर आदि उपस्थित रहे।

## 2 नाबालिग बालिकाएँ सात दिन में सकुशल दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।**



पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने अपहरण के इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 नाबालिग अपहृता को मात्र 07 दिन के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया। थाना राजनगर में अपराध क्रमांक 238/25 धारा 137 (2) बीएनएस में फरियादी देवीसिंह गोंड निवासी ग्राम भाठी सरई (परिवर्तित नाम) की रिपोर्ट पर दिनांक 02 सितम्बर को उसकी पुत्री लक्ष्मी सिंह उम्र 16 वर्ष एवं उसकी सहेली रूक्मनिया सिंह गोंड उम्र 16 वर्ष, (परिवर्तित नाम) जो कक्षा 9वीं की छात्राएँ हैं, दोनों के स्कूल जाने का कहकर घर से निकलने के उपरांत वापस नहीं आने पर परिजनों के द्वारा रिपोर्ट करने पर दिनांक 06 सितम्बर को प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग बालिकाओं की तलाश हेतु थाना राजनगर पुलिस द्वारा तत्काल सभी माध्यमों से रेडियो संदेश एवं मेल प्रसारण कर सूचना प्रसारित की गई। गठित टीम द्वारा सतत प्रयास किए गए और अंततः दोनों नाबालिग बालिकाओं को रेलवे स्टेशन मंचेरियल, तेलंगाना से दस्तयाब किया गया। जहाँ लड़कियां स्वयं घूमने के लिए निकली थीं वापस लौटने की ट्रेन समझ नहीं पाई थी। दोनों नाबालिग लड़कियों को लेकर परिजनों को सौंपा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर सुमित कौशिक, प्र. आर. निरंजन खलखो एवं म.आर. पूजा राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

## पोड़ी चोंडी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उमंग दिवस



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** 12 सितम्बर को शासन के मनसा अनुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी चोंडी अनूपपुर में मनाया गया। उमंग दिवस इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा, जीवन कौशल शिक्षा, जेंडर आधारित जागरूकता आदि मॉडल को पढ़कर अपने जीवन में उसे उतारते हुए अपनी जानकारी को चित्रकारिता के माध्यम से प्रदर्शित किया एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक नाटक का प्रदर्शन भी किया साथ ही बालक एवं बालिकाओं के भेदभाव के अंतर को मिटाने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन छात्रों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर संगीता प्रजापति आयुष मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा रही जो छात्रों को उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सुविधाएं एवं परामर्श की जानकारी प्रदान की गई साथ ही किशोरी अवस्थाओं में स्वास्थ्य की जागरूकता शिक्षा के प्रति रुझान और कैरियर लक्ष्य के प्रति परामर्श दिया गया। कार्यक्रम आयोजन प्राचार्य राजू केवट के मार्गदर्शन में समस्त विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से पूर्ण किया गया।

## भर्रेशाही में लगाम लगाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज जमुना कोतमा।** 13 सितंबर को आमांडॉड ओ सी एम में प्रथम पाली में 510 6.6 अवसजाप पंप की मोटर जिसको नीलकंठ कंपनी का प्राइवेट कर्मचारी चल रहा था मोटर पंप पनटूप से पलटकर पानी में डूब गई जिसकी कीमत लगभग 40 से 50 लाख रुपए के आसपास होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पम्प मोटर की शिफ्टिंग कल 12. सितंबर को खान प्रबंधक द्वारा निर्देशित कर करवाया गया था लेकिन शिफ्टिंग के दौरान सुरक्षा मानक का बिल्कुल ध्यान न रखते हुए लापरवाही पूर्वक प्राइवेट वॉल्वो मशीन से पनटूप को शिफ्ट किया गया था जबकि कंपनी की दोनों क्रेन थी नतीजा ये निकला कि बेचन गिरी द्वारा जैसे ही पंप चलाया गया पानी खाली होते ही अनबैलेंस होकर पनटूप पलट गया और मोटर पंप डूब गया। इस तरह की लापरवाही हमेशा से होती आ रही है कर्मचारियों के लिए लगी प्राइवेट बस जिन्हें एक ही ड्राइवर से 24 घंटे बस चलवाई जा रही है जबकि प्रत्येक शिफ्ट में ड्राइवर बदला जाना चाहिए जिससे दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है जिसकी शिकायत प्रबंधन से भी किया गया है लेकिन कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। इसी तरह कामगारों से 60 से 70 घंटे ओवर टाइम दबाव देकर प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है लेकिन भुगतान 10 से 15 घंटे ही किया जाता है वही प्रबंधन की चाटुकारी करने वाले मुफ्त में 15/16 घंटे ओवर टाइम का भुगतान बगैर काम किए के ले रहे है। इसी तरह ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी के सिफारिश के बाद भी नीलकंठ कंपनी मजदूरों का शोषण कर काफी कम रेट का भुगतान कर रही है जो जांच का विषय है। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उच्च प्रबंधन से मांग की है कि उपरोक्त बिंदुओं की जांचकर दोषियों के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाए एवं कामगारों के हक को जिस तरह से छीना जा रहा है उस पर तुरंत अंकुश लगाया जाए।



## चचाई पुलिस ने अवैध शराब विक्रेता के विरुद्ध की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 11 सितंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि निखिल राय निवासी वार्ड नंबर 7 शंकर मंदिर के पास अमलाई का अपने घर में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम मौके से जाकर तस्दीक की गई तो आरोपी निखिल राय पिता स्वर्गीय शंकर राय उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 7 शंकर मंदिर के पास अमलाई थाना चचाई के कब्जे से एक झोले में 29 पाव ओसी, 12 पाव गोवा एवं कार्टून में 35 पाव एमडी अंग्रेजी शराब कुल 76 पाव कुल कीमत 13466 रुपए की शराब आरोपी से धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थिति हेतु पाबंद किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 247/25 धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक राघव बागरी सहायक उप निरीक्षक प्यारेलाल सिंह, आरएस द्विवेदी प्रधानारक्षक विकास ,महिला आरक्षक उषा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### कविता और शीला भाजपा जिला मंत्री नियुक्त

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं जिलाध्यक्ष अमिता चपरा के नेतृत्व में जिले की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें जयसिंहनगर से कविता सिंह मार्को जो वर्तमान में सरपंच एवं सरपंच संघ की अध्यक्ष हैं, और अमझोर निवासी शीला तिवारी पूर्व भाजपा जिला महिला मोर्चा मंत्री को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए दायित्व मिलने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने दोनों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### कलेक्टर ने राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई



**शहडोल।** 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता विदिशा जिले के सिरोंज में आयोजित की गई। बालिका वर्ग में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच भोपाल एवं शहडोल फुटबॉल टीम के मध्य खेला गया। शहडोल की फुटबॉल टीम ने भोपाल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर विजय हुई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने फुटबॉल टीम के खिलाडिय़ों से मुलाकात कर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहायक संचालक खेल (एन आई एस) फुटबॉल कोच रईस अहमद ने बताया कि शहडोल संभाग ने लीग मैच में मध्य प्रदेश जनजाति कार्य विभाग को 2-0, रीवा 1-0 सागर 9-0 इंदौर को 4-2 से हराकर अपने लीग मैच में टॉप में रही, और सेमीफाइनल में प्रवेश किया, सेमीफाइनल में ग्वालियर को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। विजेता टीम को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग श्री उमेश कुमार धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची , सहायक संचालक खेल एवं फुटबॉल कोच रईस अहमद फुटबॉल कोच अनिल सिंह ने भी बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख प्रबंधक सुनील साकेत, प्रभारी प्राचार्य, मैनेजर रहीम खान पीटीआई, कोच, सीताराम सहित कप्तान राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### नवविवाहिता को सांप ने डसा, इलाज से पहले ही बुझी जिंदगी



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के नौडिया गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। महज 19 वर्ष की नवविवाहित महिला अनीता कोल पति मीरु कोल की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस असमय मौत को लेकर व्यथित है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात अनीता ने परिवार के साथ भोजन किया और सोने की तैयारी कर रही थी। तभी अचानक एक जहरीला सांप उसके बिस्तर के पास निकल आया और उसने अनीता को डस लिया। डसते ही अनीता की चीख-पुकार सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे और हड़बड़ी में उसे लेकर अस्पताल भागे।

**अस्पताल पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें** - परिजन अनीता को तुरंत ही नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर रवाना हुए, लेकिन जहरीले जहर का असर इतना तेज था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जैसे ही परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनीता की मौत की खबर सुनते ही पूरे नौडिया गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्य और ग्रामीण बदहवास हो उठे। जानकारी के अनुसार अनीता की शादी कुछ ही महीने पहले मीरु कोल से हुई थी। विवाह के बाद उसका ससुराल का जीवन अभी शुरू ही हुआ था कि यह हादसा उसकी जिंदगी पर पूर्णविराम बनकर आ गया।

## 21 को प्रतियोगिता, 22 को शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# धनपुरी में गूंजेगा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का बिगुल

कोयलांचल की नगरी धनपुरी में इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती भव्य स्तर पर मनाई जाएगी। अग्रवाल समाज ने घोषणा की है कि दो दिवसीय महोत्सव 21 व 22 सितंबर को आयोजित होगा।





**धनपुरी।**

इसके लिए समाजसेवी बृजवासी अग्रवाल के आजाद चौक स्थित निवास पर बैठक हुई, जिसमें समाजजनों ने सामूहिक परामर्श कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।21 सितंबर को प्रतियोगिताबैठक में निर्णय लिया गया कि 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे से अनंत उत्सव पैलेस में बच्चों व महिलाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इनमें बच्चों के जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं के लिए केक सजाओ, बंदनवार बनाओ, आटे के गहने बनाओ जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। पुरुष वर्ग के लिए भी अलग-अलग खेल और रोचक प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।22 सितंबर को निकलेगी शोभायात्रा22 सितंबर को दोपहर 4 बजे श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से महाराजा श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ निकलेगी। यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों – आजाद चौक, माइकल चौक, इमामबाड़ा से होकर अनंत उत्सव पैलेस बारातघर पहुंचेगी। वहां शाम 6 बजे महाराजा अग्रसेन जी की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा।लकी ड्रा में मिली खुशियांबैठक के दौरान महिला व पुरुष वर्ग के बीच लकी ड्रा भी निकाला गया। इसमें गोविंद अग्रवाल और अंजू अग्रवाल विजेता बने, जबकि उपविजेता अंजना अग्रवाल, तुषार अग्रवाल रहे। सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यकारिणी यथावत कार्यकारिणी पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी वही कार्यकारिणी यथावत रखी गई है –**संरक्षक :** चंद्रशेखर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, कैलाशनाथ अग्रवाल, देवी प्रसाद अग्रवाल **अध्यक्ष :** नंदकिशोर अग्रवाल **उपाध्यक्ष :** राकेश अग्रवाल (कपड़ा विक्रेता) **सचिव :** गोकुल अग्रवाल (सरिया विक्रेता),**कोषाध्यक्ष :** गोविंद अग्रवाल (नंबर 4) **मीडिया प्रभारी :** राजू अग्रवाल। महिला मंडल – अध्यक्षः श्रीमती अंजू अग्रवाल, **उपाध्यक्षः** श्रीमती आरती अग्रवाल, सचिवः श्रीमती गिरीश अग्रवाल, **सह सचिवः** श्रीमती मोनिका अग्रवाल। **नवयुवक मंडल – अध्यक्षः** राकेश अग्रवाल (नंबर 4), उपाध्यक्षः विकास अग्रवाल, **सचिवः** सौरव अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सह सचिवः अश्विनी अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल।समाज की एकजुटता की झलकबैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से मथुरा प्रसाद अग्रवाल, डॉ. गोविंद अग्रवाल, बृजवासी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महिला वर्ग से फूलमती अग्रवाल, मुन्नी देवी अग्रवाल, रीतू अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, निशा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## नगर पालिका के कर्मचारियों की जेब खाली

# वेतन के इंतजार में टूटी हिम्मत




**धनपुरी।**

जिले की दूसरे नंबर की नगर पालिका में गिने जाने के बाद भी कर्मचारियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। 13 सितंबर को डेली बेसिस पर काम करने वाले कर्मचारी अपने मेहनताना न मिलने से परेशान नज़र आए।कर्मचारियों ने बताया कि रोज नगर की सफाई करने के बाद खुद को स्वच्छ रखने में भी मुश्किल हो रही है। उनका कहना है कि "शरीर साफ करने के लिए भी निरमा साबुन की ज़रूरत पड़ती है, तभी अगले दिन काम पर आने की ताक़त मिलती है, लेकिन जेब खाली होने से अब यह भी कठिन हो गया है।"मार्केट में उधारी लेने की स्थिति आ चुकी है और समय पर पेमेंट न मिलने से उनकी साख पर भी असर पड़ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वेतन लेट होने का कारण केवल नगर पालिका ही जानती है, लेकिन सबसे बड़ी मार हम मजदूरों को झेलनी पड़ रही है।

## नेशनल लोक अदालत में लंबित रेगुलर 417 रैफर प्रकरण में 391 प्रकरण का निपटारा किया गया

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन




**बुढार।** शनिवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष काशीनाथ सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशानुसार एवं सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, की अध्यक्षता में को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में लंबित रेगुलर प्रकरणों 417 रैफर प्रकरण में 391 प्रकरण का निपटारा किया गया तथा जिसपे 803 लोग लाभांवित हुए एवं 56 लाख 87 हजार 8 सौ 14 रुपए की राशि अवार्ड की गई। इसी प्रकार लगभग 1802 पिलिटिगेशन प्रकरणों में 445 प्रकरणों का निपटारा किया गया तथा लगभग रुपये 12 लाख 23 हजार 19 रुपए की वसूली की गई।

लोक अदालत में पक्षकारों के चिकित्सा सुविधा हेतु चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में 05 खंडपीठ सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश, विजेंद्र सिंह रावत, श्रीमती आकांक्षा तेकाम, ऋषव दीक्षित, लक्ष्मण रोहित न्यायिक मजिस्ट्रेट संचालित रही। साथ ही न्यायालीन सहभागिता हेतु अति. सहायक अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्र शाह ठाकुर संतोष कुमार पाटले,अपर लोक अभियोजक अधिकारी आलोक राय, अशोक सिसोदिया एवं न्यायालयीन वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती अनीता शर्मा एवं नायब नाजिर राज कुमार पैकरा एवं अन्य कर्मचारी व पुलिस विभाग का द्वारा न्यायालयीन कार्य में विशेष सहयोग रहा। उक्त न्यायालयीन प्रकरणों में बुढ़ार न्यायालय के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा एवं उनके सहपाठी मौजूद रहे साथ ही खण्डपीठ सदस्य आजाद सिंह, अधिवक्ता, नीलेश सिंह सुशांत शेखर घोष विष्णू शरण द्विवेदी अधिवक्ता वीरभान सिंह अधिवक्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता मोहन उपाध्याय उपस्थित हुए।

## दलालों के जरिये चलता धंधा, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

# सोनोग्राफी सेंटर की मनमानी से मरीज परेशान




**शहडोल।**

जिले में निजी सोनोग्राफी प्रतिष्ठानों की मनमानी और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली से मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। नियम और गाइडलाइन को ताक पर रखकर चल रहे ऐसे केंद्र न सिर्फ मरीजों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं, बल्कि उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से भी परेशान कर रहे हैं। इसी का ताजा उदाहरण जिले के शिरडी गांव निवासी अनूप पांडे और उनकी पत्नी के साथ घटित घटना है। अनूप पांडे ने डॉक्टर की सलाह पर 1 सितंबर को मीरा सोनोग्राफी सेंटर में 13 सितंबर के लिए बुकिंग कराई थी और एडवांस फीस जमा कर दी थी। तय तिथि पर वे सुबह 9 बजे बीमार पत्नी को लेकर पहुंचे, लेकिन वहां पहले से कई मरीज इंतजार कर रहे थे। रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारियों ने उनसे कहा कि थोड़ी देर इंतजार करना पड़ेगा।

इसी दौरान एक निजी अस्पताल से जुड़े कुछ दलाल दर्जन भर मरीजों को ऑटो में भरकर वहां ले आए। कर्मचारियों ने उन्हें प्राथमिकता देते हुए सीधे अंदर जांच के लिए भेज दिया, जबकि पहले से मौजूद मरीजों को बाहर बैठाए रखा। जब अनूप पांडे ने आपत्ति जताई कि उन्होंने 13 दिन पहले ही एडवांस देकर बुकिंग कराई थी, तब सेंटर के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की और भाग जाने तक की बात कह डाली।

### दलालों के जरिए 'कमीशन सेटिंग' से चल रहा खेल

पीड़ित का आरोप है कि मीरा सोनोग्राफी सेंटर में दलालों और निजी अस्पतालों से जुड़े लोगों के जरिए ही मरीजों को प्राथमिकता मिलती है। अगर कोई अतिरिक्त पैसा दे दे या किसी हॉस्पिटल के कर्मचारी के साथ आए तो, तुरंत जांच हो जाती है। अनूप पांडे ने बताया कि उनसे भी 500 रुपये अतिरिक्त 'इमरजेंसी फीस' के नाम पर वसूली की गई, लेकिन फिर भी उनकी पत्नी की जांच समय पर नहीं हुई।

### पीड़ित का दर्द

अनूप पांडे का कहना है कि हमने 13 दिन पहले ही बुकिंग कराई, फीस जमा की, फिर भी हमें अपमानित होना पड़ा। दिनभर भूखे-प्यासे बैठने के बाद भी पत्नी की जांच समय पर नहीं हो सकी। यह सरासर अन्याय और मानवता के खिलाफ है।

### शासन की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन

दरअसल, स्वास्थ्य विभाग और शासन ने सोनोग्राफी केंद्रों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए हैं। प्रथम आओ, प्रथम पाओ की नीति लागू होनी चाहिए। मरीजों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली नहीं की जा सकती। बिना पर्ची और रजिस्टर में नाम दर्ज किए किसी को अंदर भेजना नियम विरुद्ध है। दलालों के जरिए रेफरल या कमीशन आधारित मरीज भेजना प्रतिबंधित है, लेकिन मीरा सोनोग्राफी सेंटर में इन गाइडलाइन का खुला उल्लंघन हो रहा है।

### जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से गुजारिश

इस पूरे मामले ने स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीजों का कहना है कि इस तरह की मनमानी को तुरंत रोका जाना चाहिए। स्थानीय लोगों और पीड़ित ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मीरा सोनोग्राफी सेंटर की जांच कर जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि जब तक इस संस्थान की कार्यप्रणाली में सुधार न हो, यहां जांच कराने से बचें, ताकि वे भी ऐसे दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार न बनें।



## खैरहा ब्लॉक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय अवस्थी का प्रथम नगर आगमन पर खैरहा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। बंगवार साई मंदिर से सैकड़ों युवाओं ने विशाल वाहन रैली निकालकर जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। इसके उपरांत आयोजित आमसभा में वरिष्ठजन, ब्लॉक के सभी मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि प्राइवेट कोलरियों में स्थानीय युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित कराने और मुआवजों में आ रही विसंगतियों को दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आमसभा के बाद उन्होंने बूथ, मंडल और सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा भी की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी* सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खैरहा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष बुढ़ार सुश्री उमा धुर्वे, बुढ़ार ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा, धनपुरी मंडलम अध्यक्ष मोहम्मद साबिर, ओंकार सिंह, जवाहर राव, हर्ष पाठक, राहुल द्विवेदी, अश्वनी द्विवेदी, राकेश पाठक, सौरभ सिंह, प्रभात शुक्ला, अख्तर, बांके बिहारी, दीपू, रिशु, नितिन तिवारी, अनिल सोनी, दुर्गेश यादव, नरेश जयसवाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत चिकित्सा विभाग पर उठे सवाल

**शहडोल।**






जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मझवाटोला गांव में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गलत इलाज और इंजेक्शन के बाद 22 वर्षीय युवक ओमप्रकाश कोल की मौत हो गई। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों को झकझोर दिया है बल्कि स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश के पैर में चोट थी, जो जख्म पक जाने के कारण और गंभीर हो गई थी। चलने-फिरने में असमर्थ युवक को परिजन इलाज के लिए ब्यौहारी के एक झोलाछाप बंगाली डॉक्टर के पास ले गए। वहीं, डॉक्टर ने बिना जांच किए इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही ओमप्रकाश की हालत बिगड़ने लगी, पूरे शरीर में खुजली होने लगी। परिजनों ने जब आपत्ति जताई तो झोलाछाप ने दूसरा इंजेक्शन भी दे दिया। इसी बीच युवक के मुंह से झाग निकलने लगे और वह बेहोश हो गया। घबराए परिजनों को डॉक्टर ने कहा कि मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाओ। लेकिन जब तक परिजन उसे सिविल अस्पताल ब्यौहारी लेकर पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थी। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### झोलाछाप की करतूत से आक्रोश

ओमप्रकाश के चाचा रामसजीवन कोल ने बताया कि गलत इंजेक्शन ही मौत की वजह है। उनकी मांग है कि दोषी झोलाछाप डॉक्टर पर तुरंत कार्यवाही हो और ऐसे नकली चिकित्सकों पर लगाम लगाई जाए। गांव और आसपास के लोगों में भी गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में वर्षों से झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम इलाज के नाम पर लापरवाही कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे बैठा है। गरीब और अनपढ़ ग्रामीण मजबूरी में इन्हीं झोलाछापों के पास इलाज कराते हैं और अक्सर उनकी जान पर बन आती है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की जानकारी मिलते ही ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की नाकामी को उजागर कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की अनुपलब्धता और लापरवाही का नतीजा है कि ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक विभाग ऐसे झोलाछापों को खुला छोड़कर ग्रामीणों की जिंदगी से खिलवाड़ करता रहेगा?

### कब लगेगा झोलाछापों पर अंकुश?

ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही क्षेत्र में सक्रिय झोलाछापों पर सख्ती दिखाई होती, तो शायद ओमप्रकाश की जान बचाई जा सकती थी। अब जरूरत है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और ऐसे नकली डॉक्टरों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाए। ब्यौहारी का यह मामला केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोलने वाला उदाहरण है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कब जागता है और कब तक ग्रामीण झोलाछापों के शिकार बनते रहेंगे।

### इनका कहना है...

मामले की शिकायत अभी मिली नहीं है, शिकायत मिलते ही मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. आर.के.शुक्ला**
**प्रभारी सीएमएचओ शहडोल**

## खबर संक्षेप

### दो आरोपियों से पुलिस ने जप्त किया 12 किलो गांजा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 12 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति के गांजा सप्लाई का काम करते है जो ग्राम खालबहरा खोराबाबा जंगल में रास्ता किनारे मोटर सायकल पल्सर बिना नंबर कि खड़ी करके एक बैग एवं एक झोला में मादक पदार्थ गांजा लेकर बैठे हे ग्राहक का इन्तजार कर रहे हैं। सूचना पर थाना जैतहरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये रवाना होकर उक्त संदेहियो को घेरा बंदी कर पकडकर नाम पुछा गया जो अपना नाम धीरपाल सिहं गोड़ पिता प्रमोद सिहं गोड़ निवासी महोरा थाना पेण्ड्रा रोड़ (छ.ग.) एवं दूसरा बिहारी लाल उर्फ गुड्डा गुप्ता पिता स्व बैजनाथ गुप्ता निवासी सोनमौहरी थाना कोतवाली अनूपपुर का होना बताये जिनके कब्जे से एक बैग एंव एक झोला मे रखे पोलीथीन के अंदर कुल 12.285 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 84000 रू पाया गया जो उक्त आरोपियो का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

### जिले में 5.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 5.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, जैतहरी में 18.2 मिली मीटर, वेंकट नगर में 18.2 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 8.4 मिली मीटर तथा अमरकंटक में 1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र कोतमा,बिजुरी तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### वाटरफॉल में डूब रहे युवक की बचाई जान

**कटनी।** घुघरा वाटरफॉल में नहाते समय एक युवक तेज बहाव में बहकर पत्थरों के बीच फंस गया। बिलहरी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बिलहरी एवं पुलिस स्टाफ तत्काल FRV वाहन सहित मौके पर पहुंचे। एक युवक पानी के भीतर पत्थरों की दत्ती (गुफानुमा हिस्से) में फंसा हुआ है। तेज बहाव और खतरनाक स्थिति के बावजूद पुलिस ने बिना समय गवाए स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। FRV वाहन से रस्सा निकालकर पुलिस स्टाफ ने सावधानी से रस्से को पानी में डाला। ग्रामीणों की मदद से पुलिसकर्मियों ने रस्से के सहारे युवक को धीरे-धीरे बाहर खींचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर आने के बाद युवक ने अपना नाम कमलेश कोल पिता हल्के कोल 30 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया परौहा बताया। युवक मानसिक और शारीरिक रूप से काफी थक चुका था लेकिन समय पर पुलिस पहुंचने के कारण उसकी जान बच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और पर्यटकों ने बिलहरी पुलिस के इस साहसिक और त्वरित कदम की जमकर सराहना की।

**अनूपपुर में नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन**

# पुराने विवादों को भुलाकर पुनः एक साथ जीवन व्यतीत करने राजी हुये दंपति



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 13 सितम्बर को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा माॅ सरस्वती जी के चित्र में पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़िया, द्वितीय जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत नरेन्द्र पटेल, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाॅबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता बार संघ से अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसेल संतदास नापित, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्तागण खण्डपीठ के सुलहकर्ता सदस्यगण, पैरालीगल वालेंटियर्स तथा जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण अनूपपर के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालय की समझाइश पर पति सोनू राठौर एवं पत्नि दुर्गा राठौर, अजय महरा व दुर्गा महरा, मीरा कोल बनाम देवशरण कोल, रीना राठौर व जितेन्द्र राठौर, चंदा चौधरी व विनोद मालवी तथा सुषमा चौधरी व निलेश चौधरी ने मन-मुटाव व विवाद भूलकर राजीखुशी से अपने घरों को लौटे। अदालत ने कहा कि यह एक सभ्य समाज के सृजन में कभी भी सहयोगी व परिणामिक नहीं हो सकता। हमारा कर्तव्य है कि विवाह जैसे अमिट बंधन का सम्मान एक दूसरे के प्रति भावनाओं का सम्मान करते हुए जीवन को व्यवस्थित रूप से जिएं और एक दूसरे के प्रति अपने-अपने कर्तव्य बोध के अनुसार अपने दायित्वों को पूर्ण करें।

## 7 साल पुराने 'पगडंडी विवाद' का हुआ शांतिपूर्ण समाधान



गांव की एक पगडंडी को लेकर दो परिवारों के बीच पिछले 7 साल से विवाद चल रहा था। रास्ते के विवाद को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच मनमुटाव रहने के साथ ही "किस ने कंकड़ डाले, किसने मिट्टी हटाई और किसके दरवाज़े के सामने रास्ता मुड़ा?" जैसे प्रश्न पर एफआईआर से लेकर कोर्ट की तिथियों तक सब कुछ हो चुका था। पर इस साल गणेश उत्सव के दौरान, जब बप्पा पूरे गांव में विराजे थे, तभी कोतमा तहसील के हरद ग्राम का यह मामला लोक अदालत में पहुँचा जहां कोतमा न्यायालय के न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर सिर्फ कानून नहीं, बल्कि गांव के रिश्तों की अहमियत समझाई। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद कोर्ट से नहीं समझदारी से निपटाए तभी समाज बचेगा। दोनों पक्ष न केवल राज़ी हुए, बल्कि उसी पगडंडी पर बप्पा की झांकी एक साथ ले जाने की बात भी पक्की हो गई। गांव वालों ने कहादृ"जिस रास्ते पर झगड़ा था, अब वहीं पर साथ-साथ 'बप्पा मोरया' के नारे गूंजेंगे। इस मामले के सुलझने के साथ ही लोक अदालत के आपसी समझौते का उद्देश्य भी फलीभूत हुआ।

## राजेन्द्रग्राम में भी आयोजित हुआ लोक अदालत



13 सितंबर को सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम पवन कुमार शंखवार के द्वारा माॅ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट वारिष्ठ खण्ड सुनील कुमार खरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ खण्ड निखिल सिंघई व सम्मस्त अधिवक्तागण एवं तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने अधिवक्ता एवं पक्षकारों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी के सहयोग से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समझौता योग्य आपराधिक, दीवानी, पारिवारिक, वैवाहिक, धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरण व अन्य प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत कराई गई। जिमसे कुल निराकृत प्रकरण 142 रहे।

# हसदेव क्षेत्र की नई कार्य समिति की हुई घोषणा




### भारतीय मजदूर संघ एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की द्विवर्षीय आमसभा संपन्न

**हरिभूमि न्यूज़राजनगर।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की द्विवर्षीय आमसभा 11 सितंबर को बड़े उत्साह एवं एकजुटता के साथ हसदेव क्षेत्र राजनगर के मधुबन क्लब में संपन्न हुआ। हसदेव क्षेत्र के विभिन्न खदानों एवं परियोजनाओं से आए प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन मधुबन क्लब परिसर में किया गया, सभा का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर बिजुरी के छात्रों एवं शिक्षको द्वारा राष्ट्रगान गाकर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में कुलदीप सिंह गुर्जर प्रदेश महामंत्री मध्यप्रदेश बीएमएस, सुजीत सिंह (महामंत्री) अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, मजरुल हक अंसारी समन्वय एसईसीएल, महेंद्र पाल सिंह कल्याण समिति सदस्य एसईसीएल बिलासपुर, ताराचंद यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य बीएमएस, राजेश सिंह परिहार विभाग प्रमुख बीएमएस, सुमित बक्सरिया जिला मंत्री बीएमसी अनूपपुर, इन सभी का दारा सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारों में विजय जायसवाल, श्रीमती सुमिता शर्मा, श्रीमती रीना शर्मा का अंग वस्त्र देकर सम्मान श्रीमती सुधा शर्मा द्वारा किया गया। मंच का संचालन दिलीप त्रिपाठी (महामंत्री) के द्वारा किया गया। संघ का गीत अशोक माली के द्वारा गया। इस बैठक में जहां संगठन की गतिविधियों, आगामी योजनाओं तथा मजदूर हितों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पिछले दो वर्षों की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में कार्यस्थल पर सुरक्षा, वेतन समझौता, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार, कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा सहायता, और महिला कर्मचारियों की सहभागिता जैसे मुद्दों पर की गई पहल का उल्लेख किया गया। इस द्विवार्षिक बैठक में पूर्व अध्यक्ष द्वारा पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा, "हमारा उद्देश्य है कि हर मजदूर का अधिकार सुनिश्चित हो, उसका सम्मान बना रहे और कार्यस्थल सुरक्षित व न्यायपूर्ण बने। संगठन की ताकत तभी बढ़ेगी जब हम आपसी सहयोग और एकजुटता बनाए रखें।" एसईसीएल प्रबंधन से संवाद बढ़ाकर लंबित मांगों को लेकर प्रभावी वार्ता की जाएगी। साथ ही, सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस सभा में विशेष रूप से श्रमिकों के हित में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। चर्चा सत्र में कई प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रीय अनुभव साझा किए और कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। सभा का समापन संगठन की सामूहिक प्रतिज्ञा और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में यह निर्णय लिया गया कि संगठन मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। हसदेव क्षेत्र की नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा हुई। हसदेव क्षेत्र के इस अधिवेशन में नयी कार्य समिति के दायित्व सौंपे गए। जिसमें प्रमुख रूप से अनिल श्रीवास्तव (अध्यक्ष), गजार्दन सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष धीरेंद्र दुबे, अजय कुमार, रमेश मिश्रा, श्रीमती सुधा शर्मा, हीरालाल चंद्रा, दिलीप त्रिपाठी (महामंत्री), उप महामंत्री कपिल देव शुक्ला, मंत्री - के.सी सिंह अविनाश भारती, तमाल दास, रामअवतार यादव, रजत श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष - रमेश मिश्रा, संगठन मंत्री- प्रह्लाद जायसवाल, दारा सिंह, कार्यालय सचिव -पवन कुमार सिंह, महिला प्रतिनिधि कुमारी, रीना, कार्यसमिति सदस्य - दीपक मौर्य, जितेंद्र सिंह, गीता प्रसाद, संतोष मिश्रा, गोपाल रावत, रणवीर शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, सब्बीर अहमद, अशोक माली, मृत्युंजय चौबे को दायित्व सौंप गए।



# स्वदेशी अपनाना ही राष्ट्रहित, आत्मनिर्भर भारत की असली राह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गणवार्ता पार्टी (भगवा) के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार की जोरदार अपील की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका लगातार भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ (शुल्क) लगाकर न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि भारतीय किसानों और उद्योगपतियों की मेहनत को भी हाशिए पर धकेल रहा है। मिश्र ने कहा कि अमेरिका अपने व्यापारिक हितों की पूर्ति के लिए भारत के सामान पर आयात शुल्क लगाता है, जबकि भारत में उनके उत्पाद जैसे पेप्सी, कोका-कोला, लेज़, कोलगेट, अमेज़न, मैकडोनाल्ड्स, नाइकी, एप्पल, केएफसी और अन्य विदेशी ब्रांड बिना रोक-टोक बेचे जाते हैं। इससे स्वदेशी कंपनियाँ कमजोर हो रही हैं और देश की आत्मनिर्भरता की राह कठिन होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियाँ भारत से हर साल अरबों रुपये का मुनाफ़ा ले जाती हैं, लेकिन भारतीय उत्पादों को अपने देश में प्रवेश तक नहीं देतीं। यह व्यापार में असमानता है और भारतीय जनता के साथ अन्याय है। मिश्र ने युवाओं और किसानों से आह्वान किया कि वे स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार हो सके। उन्होंने साफ कहा कि यह केवल राजनीतिक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्रहित का प्रश्न है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

# हर हर नर्मदे के उद्घोष के साथ बाल विवाह मुक्त भारत का हुआ संकल्प




**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** विश्व प्रसिद्ध, पवित्र नगरी, नर्मदा उद्गम कुंड, नर्मदा मंदिर अमरकंटक में धर्म गुरुओं ने किया बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का उद्घोष। बाल विवाह की रोक-थाम के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की सहयोगी संस्था (होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ग्लोबल इंटरफेथ वीकेंड के अंतर्गत बाल विवाह के समाप्ति हेतु धर्म गुरुओं से संदेश प्रसारित करने के लिए इस सप्ताहांत यह विशेष अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर नर्मदा उद्गम कुंड, नर्मदा मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी बंटी महाराज ने संदेश देते हुए कहा कि बाल विवाह हमारे समाज मे एक अभिश्राप है। इस महा पाप से हम सभी को से हम सभी को बचना है। मैं आह्वान करता हूँ कि सभी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की सहयोगी संस्था (होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवलपमेंट) द्वारा संचालित इस अभियान में जुड़े और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में सहयोग करें। उक्त आशय की जानकारी देते जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) संस्था के डायरेक्टर शुशील शर्मा ने बताया कि 12 से 14 सितंबर तक इस अभियान के अंतर्गत शहडोल संभाग के सभी प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में धर्म गुरुओं के साथ इस कार्यक्रमों को आयोजित कर बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में रामभूषण महाराज, स्वामी नर्मदा नन्द, धनेश द्विवेदी, श्रीयंक द्विवेदी आदि संतो काविशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र त्रिपाठी ने किया।

## मवेशियों को सड़क दुर्घटना से बचाने व्यवसायी ने की पहल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 200 से अधिक गायों को पहनाए रेडियम बेल्ट, जिससे अंधेरे में भी स्पष्ट दृश्यता बनी रहे। वर्षा ऋतु में जमीन नमी युक्त हो जाने के कारण अक्सर मवेशीयो में रोड पर बैठने की प्रवृत्ति पाई जाती है, रात्रि के समय अंधेरा होने से रोड पर बैठे मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते ,जिससे वाहन टकराने से उनके दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना रहती है। सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मृत्यु ना हो इस दिशा में आवश्यक प्रयास करते हुए सड़क, पर बैठी गाय को हटाये जाने, रात्रि के समय मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई दें, इसके लिए रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधे जाने प्रयास करते हुए नगर के समाजसेवी एवं आभूषण व्यवसायी दीपक चंदेरिया के द्वारा नगर के सड़कों पर बैठी गौ माता एवं गलियों मे विचरण करे रहे लगभग 200 मवेशियों के गले मे रेडियम पट्टी बनवाया गया। इसके लिए युवा सदस्यों के सहयोग से बुधवार गुरुवार शुक्रवार रात्रि में अभियान चलाकर शहर की सड़कों पर बैठे लगभग 200 मवेशियों को रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए गए। दीपक चंदेरिया ने सभी से अपील की है कि यदि कोई भी गौमाता ऐसे विचरण करते दिखे तो मुझसे रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट लेजा कर पहनाये जिससे उनकी जान को बचाया जा सके।

# सड़क में जानलेवा गड्ढों ने ली 18 वर्षीय सूरज की जान

### गड्ढों से भरे सड़क पर मौत का सफर

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** समाज को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई नीलकंठ कंपनी के ओवरलोड कोयला ट्रकों की वजह से बनी खतरनाक गड्ढों वाली सड़क ने एक नौजवान की जान ले ली यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की गहरी नींद में डूबे तंत्र का परिणाम है। इस सड़क की जर्जर हालत और गड्ढों को लेकर स्थानीय लोग कई बार आवाज़ उठा चुके थे। और नीलकंठ प्रबंधन को भी बार-बार चेताया गया कि भारी ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं और कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन अफसोस, चेतावनी को अनसुना कर दिया गया। दिनांक 13 सितंबर को सूरज नामक व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष थी और वह मनेंद्रगढ़ छत्तीसगढ़ का निवासी था इन जान लेवा गड्ढों का शिकार हो गया और अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया और एक नौजवान अपनी जिंदगी गंवा बैठा यह केवल उस परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रश्नचिह्न है कि आखिर कब तक भ्रष्टाचार और मिलीभगत की वजह से मासूम जानें जाती रहेंगी। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इस तरह के हादसे होते रहेंगे। सड़क सुरक्षा केवल कागज़ों पर नहीं, ज़मीनी स्तर पर लागू होनी चाहिए। नीलकंठ प्रबंधन और की यह जिम्मेदारी बनती है कि सड़क की मरम्मत तत्काल हो, ओवरलोडिंग पर सख्त रोक लगे और मृतक परिवार को न्याय तथा मुआवजा मिले यह सिर्फ़ एक मांग नहीं, बल्कि उस नौजवान की शहादत के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

## मेंटीनेंस के कारण आज तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

**अनूपपुर।** आज सुबह 8 से 11 बजे तक अनूपपुर शहर फीडर आवश्यक कार्य के लिए बंद रहेगा। जिससे कोतमा रोड, सामतपुर, मुख्य बाजार का क्षेत्र, इंदिरा तिराहा, अमरकंटक तिराहा, शंकर मंदिर चौक बस्ती, शांति नगर एवं आसपास के क्षेत्र उपभोक्ताओं को तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने तीन ट्रेलर किया जप्त

**अनूपपुर।** जिले की बिजुरी पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने विशेष टीम का गठन किया। टीम ने शुक्रवार रात बैहाटोला टोल नाके के पास घेराबंदी कर तीन ट्रेलर को पकड़ा। जांच के दौरान चालकों के पास कोयला परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इस आधार पर पुलिस ने चोरी की आशंका में तीनों ट्रेलर को जब्त कर लिया। बिजुरी पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।